हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
9 दिसंबर 2025, बरेली

PAGE NO : MIDDLE

16 से होगा यूपी व बंगाल का मुकाबला

बरेली। बरेली एक बार फिर बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 के आयोजन का गवाह बनने जा रहा है। 16 से 19 दिसंबर तक श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित अंतर्राष्ट्रीय मानकों वाले एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में उत्तर प्रदेश और बंगाल की टीमों के बीच मुकाबला खेला जाएगा। इसकी जानकारी सोमवार को बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में दी गई।

बीसीए सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि बरेली में प्रतिभावान क्रिकेटर्स को तराशने के लिए नियमित कैंप और प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। एसआरएमएस ट्रस्ट एवं आदित्य मूर्ति के सहयोग से पूर्व में दो कूच बिहार ट्रॉफी मैच सफलतापूर्वक कराए गए थे।